# वैश्विक समुद्र-स्तर में वृद्धि और इसके प्रभाव: WMO

## प्रिलिम्स के लिये:

WMO, जलवायु संकट, ग्लोबल वार्मिंग, तटीय पारिस्थितिकि तंत्र।

## मेन्स के लिये:

वैश्विक समुद्र-स्तर में वृद्धि और इसके प्रभाव।

## चर्चा में क्यों?

विश्व मौसम विज्ञान संगठन की **"वैश्विक समुद्र-स्तर में वृद्धि और इसके प्रभाव"** रिपोर्ट के अनुसार, **वैश्विक स्तर पर भारत, चीन, बांग्लादेश एवं नीदरलैंड समुद्र स्तर में वृद्धि के कारण सबसे अधिक प्रभावित होने वाले देश** हैं।

- समुद्र के स्तर में वृद्धि **लगभग सभी महाद्वीपों के कई बड़े शहरों के अस्तित्व के लिये खतरा है।**
- इनमें शंघाई, ढाका, बैंकॉक, जकार्ता, मुंबई, मापुटो, लागोस, काहिरा, लंदन, कोपेनहेगन, न्यूयॉर्क, लॉस एंजलिस, ब्यूनस आयर्स और सैंटियागो शामिल हैं।

## रिपोर्ट के प्रमुख बिंदु:

- **मौजूदा स्थिति और अनुमान:**
  - वर्ष 2013 और 2022 के बीच वैश्विक औसत समुद्र-स्तर 4.5 मिमी./वर्ष था और **वर्ष 1971 के बाद से ही मानवीय गतिविधियों को इस वृद्धि का मुख्य कारक माना जाता रहा है।**
    - वर्ष 1901 और 2018 के बीच वैश्विक औसत समुद्र-स्तर में 0.20 मीटर की वृद्धि हुई।
    - **वर्ष 1901 और 1971 के बीच 1.3 मिमी./वर्ष।**
    - वर्ष 1971 और 2006 के बीच 1.9 मिमी./वर्ष
    - वर्ष 2006 से 2018 के बीच 3.7 मिमी./वर्ष।
  - यदि ग्लोबल वार्मिंग को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखा जाता है, **तब भी समुद्र के स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।**
  - समुद्र स्तर के संदर्भ में एक डिग्री का हर अंश मायने रखता है। **यदि तापमान में 2 डिग्री की वृद्धि होती है, तो स्तर में यह वृद्धि दोगुनी हो सकती है** तथा **तापमान में और वृद्धि होने से समुद्र के स्तर में तेज़ी से वृद्धि उसी के अनुरूप होगी।**
- **समुद्र स्तर की वृद्धि में योगदानकर्त्ता:**
  - तापीय विस्तार ने **वर्ष 1971-2018 के दौरान समुद्र के जल स्तर में 50% की वृद्धि** दर्ज की है, जिसका कारण है- **ग्लेशियरों की बर्फ में 22% का नुकसान, आइसशीट में 20% का नुकसान और भूमि-जल भंडारण में 8% की गिरावट।**
  - वर्ष 1992-1999 और वर्ष 2010-2019 के मध्य बर्फ की परत के नुकसान की दर चार गुना बढ़ गई। वर्ष 2006-2018 के दौरान वैश्विक स्तर पर समुद्र के स्तर में वृद्धि के लिये एक साथ आइसशीट और **ग्लेशियर का बड़े पैमाने पर नुकसान इसके प्रमुख कारक** रहे।
- **प्रभाव:**
  - 2-3 डिग्री सेल्सियस के मध्य निरंतर उष्मन स्तर पर ग्रीनलैंड और पश्चिम **अंटार्कटिक की बर्फ की चादरें लगभग पूरी तरह से और अपरिवर्तनीय रूप से कई सहस्राब्दियों में विलुप्त हो जाएंगी,** जिससे समुद्र के जल स्तर में कई मीटर की वृद्धि होने की संभावना है।
  - समुद्र के स्तर में वृद्धि से **तटीय पारिस्थितिकि तंत्र और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं,** भूजल लवणीकरण, बाढ़ तथा तटीय बुनियादी ढाँचे को नुकसान होने की आशंका है जो आजीविका, बस्तियों, स्वास्थ्य, कल्याण, भोजन, विस्थापन एवं जल सुरक्षा व सांस्कृतिक मूल्यों के लिये जोखिम का कारण बन सकता है।

## भारत के लिये परिदृश्य:

- **समुद्र के स्तर में वृद्धि की दर:**
    - पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अनुसार, पिछली **शताब्दी (1900-2000) के दौरान** भारतीय तट के साथ समुद्र का स्तर लगभग **1.7 मिमी./वर्ष की दर से औसतन बढ़ रहा था।**
    - समुद्र के स्तर में 3 सेंटीमीटर की वृद्धि से **समुद्र 17 मीटर तक अंतर्देशीय** हो सकता है। भविष्य में 5 सेमी./दशक की दर से समुद्र का विस्तार एक शताब्दी में 300 मीटर भूमि पर हो सकता है।
- **भारत अधिक संवेदनशील है:**
    - भारत समुद्र स्तर में वृद्धि के बढ़ते **प्रभावों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील** है।
    - हिंद महासागर के स्तर में आधी वृद्धि जल के आयतन में विस्तार के कारण होती है क्योंकि महासागर तेज़ी से गर्म हो रहा है।
    - ग्लेशियर के पिघलने का उतना अधिक योगदान नहीं है।
    - सतह के गर्म होने के मामले में हिंद महासागर सबसे **तेज़ी से गर्म होने वाला महासागर** है।
- **प्रभाव:**
    - भारत हमारी तटरेखा के साथ जटिल चरम घटनाओं का सामना कर रहा है। समुद्र के गर्म होने से अधिक नमी एवं गर्मी के कारण **चक्रवात** तेज़ी से बढ़ रहे हैं।
    - बाढ़ की घटनाएँ इसलिये भी बढ़ जाती हैं क्योंकि तूफान के बढ़ने से समुद्र स्तर में दशक-दर-दशक तेज़ी से वृद्धि हो रही है।
    - चक्रवातों के कारण पहले की तुलना में अधिक बारिश हो रही है। **सुपर साइक्लोन अम्फान (2020)** के कारण बड़े पैमाने पर बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो रही है और खारे जल से दसियों किलोमीटर अंतर्देशीय क्षेत्र जलमग्न हो गया।
    - समय के साथ सिंधु, **गंगा** और ब्रह्मपुत्र नदियाँ सिकुड़ सकती हैं तथा खारे जल के प्रसार के साथ बढ़ते समुद्र स्तर से उनके विशाल डेल्टा का बड़ा हिस्सा निर्जन होने की संभावना देखी जा रही है।

## सिफारिशें:

- **जलवायु संकट** को संबोधित करने तथा असुरक्षा के मूल कारणों के प्रति हमारी समझ को व्यापक बनाने की आवश्यकता है।
- जलवायु परिवर्तन से निपटने और **पूर्व चेतावनी प्रणाली** में सुधार के लिये ज़मीनी स्तर पर लचीलेपन के प्रयासों को सक्रिय रूप से समर्थन देना अनिवार्य है।

## विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO):

- **विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) 192 देशों की सदस्यता वाला एक अंतर-सरकारी संगठन है।**
    - भारत, विश्व मौसम विज्ञान संगठन का सदस्य देश है।
- इसकी उत्पत्ति अंतर्राष्ट्रीय मौसम विज्ञान संगठन (IMO) से हुई है, जिसे **वर्ष 1873 के वियना अंतर्राष्ट्रीय मौसम विज्ञान कॉन्ग्रेस के बाद स्थापित किया गया था।**
- **23 मार्च, 1950 को WMO कन्वेंशन के अनुसमर्थन द्वारा स्थापित WMO, मौसम विज्ञान (मौसम और जलवायु), जल विज्ञान** तथा इससे संबंधित भू-भौतिकीय विज्ञान हेतु **संयुक्त राष्ट्र** की विशेष एजेंसी है।
- **WMO का मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में है।**

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. 'जलवायु परिवर्तन' एक वैश्विक समस्या है। भारत जलवायु परिवर्तन से कैसे प्रभावित होगा? जलवायु परिवर्तन द्वारा भारत के हिमालयी और समुद्रतटीय राज्य किस प्रकार प्रभावित होंगे? (मुख्य परीक्षा, 2017)**

## स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/global-sea-level-rise-and-implications-wmo